A

(20320)

B.Com. - III Year

Date-Stamp to be affixed here

# US-15191

## B.Com. (Annual) Examination, 2020

### COMMERCE - I

### CORPORATE ACCOUNTING

### (C-301)

Question Booklet Series **Q**

Question Booklet Number

To be filled in by the cand... ...याँ परीक्षार्थी स्वयं भरें)

Roll No. (in figures)
अनुक्रमांक (अंकों में)

Roll No. (in words)
अनुक्रमांक (शब्दों में)

Enrolment No. (in figure

Name of College
कॉलेज का नाम

[Maximum Marks : 100
[अधिकतम अंक : 100

[Time : 2 Hours
[समय : 2 घण्टे

Signature of Invigilator
कक्ष निरीक्षक के हस्ताक्षर

***Instructions to the Examin...***

1. Do not open the booklet unless you are asked to do so.
2. The booklet contains 100 questions. Examinee is required to answer all 100 questions in the OMR Answer-Sheet provided and **not in the question booklet.** All questions carry equal marks.
3. Examine the Booklet and the OMR Answer-Sheet very carefully before you proceed. Faulty question booklet due to missing or duplicate pages/questions or having any other discrepancy should be got immediately replaced.

***(Remaining Instructions on last page)***

***परीक्षार्थियों के लिए निर्देश :***

1. प्रश्न-पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक आपसे कहा न जाए।
2. प्रश्न-पुस्तिका में 100 प्रश्न हैं। परीक्षार्थी को सभी प्रश्नों को केवल दी गई OMR आन्सर-शीट पर ही हल करना है, **प्रश्न-पुस्तिका पर नहीं।** सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।
3. प्रश्नों के उत्तर अंकित करने से पूर्व प्रश्न-पुस्तिका तथा OMR आन्सर-शीट को सावधानीपूर्वक देख लें। दोषपूर्ण प्रश्न-पुस्तिका जिसमें कुछ भाग छपने से छूट गये हों या प्रश्न एक से अधिक बार छप गए हों या उसमें किसी अन्य प्रकार की कमी हो, उसे तुरन्त बदल लें।

***( शेष निर्देश अन्तिम पृष्ठ पर )***

1. Given : Profits for the last three years:

2012 : ₹ 40,000 (including speculation profit of ₹ 5,000)

2013 : ₹ 50,000 (after charging an abnormal loss of ₹ 10,000)

2014 : ₹ 45,000 (after charging loss of ₹ 4,000 from earth quake)

The average profit will be.

(A) ₹ 45,000

(B) ₹ 48,000

(C) ₹ 49,667

(D) ₹ None of these

2. Share Capital :

1,000 14% Preference Shares of ₹ 100 each

20,000 Equity shares of ₹ 10 each

Annual Profit before tax= ₹ 2,05,000

Tax Rate = 50%

Transfer to General Reserve = 20%

Normal Rate = 20%

Value of Equity Share will be.

(A) ₹ 10

(B) ₹ 12.50

(C) ₹ 17

(D) ₹ 18.33

3. When the risk of investment in a particular unit is high, Price Earning Ratio of that Unit.

(A) will be high

(B) will be Low

(C) will be affected

(D) will not be affected

1. दिया है : गत तीन वर्षों के लाभ :

2012 : 40,000 ₹ (5,000 ₹ सट्टे से लाभ सम्मिलित करते हुए)

2013 : 50,000 ₹ (10,000 ₹ की असाधारण हानि चार्ज करने के पश्चात्)

2014 : 45,000 ₹ (भूचाल से 4,000 ₹ की हानि चार्ज करने के पश्चात्)

औसत लाभ होंगे :

(A) ₹ 45,000

(B) ₹ 48,000

(C) ₹ 49,667

(D) इनमें से कोई नहीं

2. अंश पूँजी :

1,000 14% पूर्वाधिकार अंश, प्रत्येक 100 ₹

20,000 समता अंश, प्रत्येक 10 ₹

कर पूर्व वार्षिक लाभ = 2,05,000 ₹

कर दर = 50%

सामान्य संचय में अन्तरण = 20%

सामान्य दर = 20%

समता अंशों का मूल्य होगा :

(A) ₹ 10

(B) ₹ 12.50

(C) ₹ 17

(D) ₹ 18.33

3. जब किसी विशिष्ट इकाई में विनियोग की जोखिम ऊँची है तो उस इकाई का मूल्य-अर्जन का अनुपात :

(A) ऊँचा होगा

(B) नीचा होगा

(C) प्रभावित होगा

(D) प्रभावित नहीं होगा

4. Calls paid in advance account is shown separately on the.
   (A) debit side of Profit & Loss account
   (B) credit side of Profit & loss account
   (C) liabilities side of Balance Sheet
   (D) assets side of Balance Sheet

5. One person company is that in which:
   (A) There is only one director
   (B) There in only one member
   (C) There is only one employee
   (D) None of these

6. Which of the following is required for making a scheme of capital reduction legal?
   (A) It is authorised by articles of the company
   (B) A special resolution is passed to that effect
   (C) It is confirmed by Tribunal
   (D) All the above

7. Under the scheme of reorganisation of the company, if the creditors are willing to reduce their claims against the company, then the amount of reduction in their claim will be transferred to.
   (A) Share Capital Account
   (B) Creditors' Outstanding Claims Account
   (C) Capital Reduction Account
   (D) Capital Reserve Account

4. अग्रिम भुगतान याचना खाता.........पर पृथक से दिखलाया जाता है :
   (A) लाभ-हानि खाते के नाम पक्ष
   (B) लाभ-हानि खाते के जमा पक्ष
   (C) चिट्ठे के दायित्व पक्ष
   (D) चिट्ठे के सम्पत्ति पक्ष

5. एक व्यक्ति कम्पनी वह है जिसमें :
   (A) केवल एक संचालक है
   (B) केवल एक सदस्य है
   (C) केवल एक कर्मचारी है
   (D) इनमें से कोई नहीं

6. पूँजी कटौती योजना को वैधानिक बनाने के लिए निम्नलिखित में से क्या अपेक्षित है?
   (A) यह कम्पनी के अन्तर्नियमों द्वारा अधिकृत हो।
   (B) इसके लिए विशेष प्रस्ताव पारित किया गया है।
   (C) ट्रिबुनल द्वारा इसकी पुष्टि की जा चुकी है।
   (D) उपर्युक्त सभी

7. कम्पनी की पुनर्गठन की योजना के अन्तर्गत यदि लेनदार कम्पनी के विरूद्ध अपने दावे को कम करने के इच्छुक हैं तो उनके दावों में कमी की राशि हस्तांतरित की जायेगी :
   (A) अंश पूँजी खाते को
   (B) लेनदारों के अदत्त दावा खाते को
   (C) पूँजी कमी खाते को
   (D) पूँजी संचय खाते को

8. After the debentures are redeemed, the balance in the Sinking Fund is transferred to.

(A) General Reserve

(B) Profit & Loss Account

(C) Capital Reserve

(D) Debentures Account

9. When own debentures are cancelled, profit on cancellation is transferred to.

(A) Profit & Loss Account

(B) General Reserve

(C) Capital Reserve

(D) Surplus Account

10. When two or more companies liquidate to form a new company is called:

(A) Amalgamation

(B) Absorption

(C) Internal Reconstruction

(D) External Reconstruction

11. According to AS-14, amalgamation is of ........ types.

(A) 1

(B) 2

(C) 3

(D) 4

8. ऋणपत्रों के शोधन के पश्चात् सिंकिंग फण्ड खाते का शेष हस्तांतरित कर दिया जाता है :

(A) सामान्य संचिति को

(B) लाभ-हानि खाते को

(C) पूँजीगत संचिति को

(D) ऋणपत्र खाते को

9. जब स्व-ऋणपत्र रदद् किये जाते हैं, रदद् करने पर लाभ हस्तांतरित किया जाता है :

(A) लाभ-हानि खाते को

(B) सामान्य संचिति को

(C) पूँजीगत संचिति को

(D) आधिक्य खाते को

10. जब एक नई कम्पनी की रचना के लिये दो या अधिक कम्पनियों का समापन किया जाता है तो इसे कहा जाता है :

(A) एकीकरण

(B) संविलयन

(C) आन्तरिक पुनर्निर्माण

(D) बाह्य पुनर्निर्माण

11. लेखांकन प्रमाप-14 के अनुसार एकीकरण के प्रकार हैं :

(A) 1

(B) 2

(C) 3

(D) 4

12. Holding Company purchased 20,000 out of 25,000 shares of ₹10 each of subsidiary company at ₹15 per share. On the date of purchase, the subsidiary company had profits of ₹40,000. After two months, the holding company sold 5,000 of these shares at ₹ 20. per share. At the end of year, the amount of capital reserve or goodwill to be shown in consolidated Balance sheet will be :

(A) ₹ 68,000 Goodwill

(B) ₹ 51,000 Capital Reserve

(C) ₹ 51,000 Goodwill

(D) ₹ 68,000 Capital Reserve

13. Opening balance in P. & L. A/C of holding company ₹ 4,00,000

Profits earned by holding company during the year ₹ 1,00,000

Interim Dividend received from subsidiary Company ₹ 30,000

Post-acquisition profit of subsidiary company ₹ 20,000

Holding company's share holding in subsidiary Company 60%

Unrealised profit included in stock ₹ 1,200

consolidated profit will be.

(A) ₹ 4,80,800

(B) ₹ 5,10,800

(C) ₹ 5,18,800

(D) ₹ 4,90,800

12. सूत्रधारी कम्पनी ने सहायक कम्पनी के 10 ₹ प्रति के 25,000 अंशों में से 20,000 अंश 15 ₹ प्रति अंश की दर से क्रय किये। क्रय की तिथि पर सहायक कम्पनी का लाभ 40,000 ₹ था। 2 माह बाद सूत्रधारी कम्पनी ने इन अंशों में से 5,000 अंश 20 ₹ प्रति अंश की दर से बेच दिये। वर्ष की समाप्ति पर मिश्रित चिट्ठे में दिखलाई जाने वाली पूँजी संचय या ख्याति की राशि होगी :

(A) ₹ 68,000 ख्याति

(B) ₹ 51,000 पूँजी संचय

(C) ₹ 51,000 ख्याति

(D) ₹ 68,000 पूँजी संचय

13. सूत्रधारी कम्पनी के लाभ-हानि में प्रारम्भिक शेष ₹ 4,00,000

वर्ष के दौरान सूत्रधारी कम्पनी ने लाभ अर्जित किया ₹ 1,00,000

सहायक कम्पनी से प्राप्त अन्तरिम लाभांश ₹ 30,000

सहायक कम्पनी के क्रय से पूर्व के लाभ ₹ 20,000

सूत्रधारी कम्पनी का सहायक कम्पनी में भाग 60%

स्कन्ध में सम्मिलित अनर्जित लाभ ₹ 1,200

मिश्रित लाभ होगा :

(A) ₹ 4,80,800

(B) ₹ 5,10,800

(C) ₹ 5,18,800

(D) ₹ 4,90,800

14. Premium on Issue of shares is determined by :

(A) Company Law Board

(B) Government

(C) Issuing Company

(D) SEBI

15. A public company can issue.

(A) Ordinary, preference and deferred shares

(B) Equity and preference shares

(C) Ordinary and promoter's shares

(D) Equity shares and bearer debentures

16. Debentureholders are.

(A) Creditors

(B) Owners

(C) Customers

(D) None of these

17. Loss on issue of debentures is in the nature of :

(A) Personal Account

(B) Real Account

(C) Nominal Account

(D) None of these

18. SEBI guidelines in respect of redemption of debentures are to protect the interest of :

(A) debentureholders

(B) Creditors

(C) Shareholders

(D) Bankers

14. अंशों के निर्गम पर प्रीमियम निर्धारित होता है :

(A) कम्पनी लॉ बोर्ड द्वारा

(B) सरकार द्वारा

(C) निर्गम करने वाली कम्पनी द्वारा

(D) सेबी द्वारा

15. एक सार्वजनिक कम्पनी निर्गमित कर सकती है :

(A) साधारण, पूर्वाधिकारी और आस्थगित अंश

(B) समता और पूर्वाधिकारी अंश

(C) साधारण और प्रवर्तक के अंश

(D) समता अंश और वाहक ऋण पत्र

16. ऋणपत्रधारी है :

(A) लेनदार

(B) स्वामी

(C) कम्पनी के ग्राहक

(D) इनमें से कोई नहीं

17. ऋणपत्रों के निर्गम पर हानि ......... की प्रकृति की है :

(A) व्यक्तिगत खाता

(B) वास्तविक खाता

(C) नाममात्र का खाता

(D) इनमें से कोई नहीं

18. ऋणपत्रों के शोधन के सम्बन्ध में सेबी के दिशानिर्देश.........हित रक्षा के लिये है :

(A) ऋणपत्रधारियों के

(B) लेनदारों के

(C) अंशधारियों के

(D) बैंकर्स के

19. If debentures of ₹1,000 was purchased for ₹ 980, the difference of ₹ 20 is :

(A) Profit on Redemption of Debentures

(B) Loss on Redemption of Debentures

(C) Goodwill

(D) None of these

20. If the purchaser company issues fully paid shares of ₹ 1,00,000 in consideration of net assets of ₹1,20,000, the balance of ₹20,000 will be credited to :

(A) Goodwill Account

(B) Capital Reserve Account

(C) Vendors Account

(D) Profit & Loss Account

21. Pooling of interest method is related to:

(A) Amalgamation

(B) Absorption

(C) External reconstruction

(D) Internal reconstruction

22. Time gap between the close of the financial year of the subsidiary company and that of the holding company can not exceed.

(A) There should be no gap

(B) 3 months

(C) 6 months

(D) 9 months

19. यदि 1000 ₹ का ऋणपत्र 980 ₹ में क्रय किया तो 20 ₹ का अन्तर है :

(A) ऋणपत्रों के शोधन पर लाभ

(B) ऋणपत्रों के शोधन पर हानि

(C) ख्याति

(D) इनमें से कोई नहीं

20. यदि क्रेता कम्पनी 1,20,000 ₹ की शुद्ध सम्पत्तियों के प्रतिफल में 1,00,000 ₹ के पूर्णदत्त अंश निर्गमित करती है तो 20,000 ₹ का शेष डेबिट किया जायेगा :

(A) ख्याति खाते को

(B) पूँजीगत संचय खाते को

(C) विक्रेता खाते को

(D) लाभ-हानि खाते को

21. हितों का समूहीकरण पद्धति ........... से सम्बन्धित है :

(A) एकीकरण

(B) संविलयन

(C) बाह्य पुनर्निर्माण

(D) आन्तरिक पुनर्निर्माण

22. सहायक कम्पनी एवं सूत्रधारी कम्पनी के वित्तीय वर्षों की समाप्ति की तिथि में निम्न में से अधिक अन्तर नहीं होना चाहिए :

(A) दोनों में कोई अन्तर नहीं होना चाहिये

(B) 3 माह

(C) 6 माह

(D) 9 माह

23. The Unrealised profit in stock is adjusted.

(A) It is deducted from holding company's profits

(B) It is deducted from stock in consolidated Balance Sheet

(C) (A) and (B) both

(D) No adjustment is required

23. स्कन्ध में अनर्जित लाभ समायोजित किया जाता है :

(A) यह सूत्रधारी कम्पनी के लाभों से घटाया जाता है।

(B) यह समेकित चिट्ठे में स्कन्ध से घटाया जाता है।

(C) (A) और (B) दोनों

(D) किसी समायोजन की आवश्यकता नहीं

24. Shares of a private company can be sold through :

(A) Private circulation

(B) Stock exchange

(C) Private circulation and stock exchange

(D) None of these

24. निजी कम्पनी के अंशों को बेचा जा सकता है :

(A) निजी प्रसार माध्यम से

(B) स्कन्ध विपणि माध्यम से

(C) निजी प्रसार और स्कन्ध विपणि माध्यम से

(D) इनमें से कोई नहीं

25. 10,000 equity shares of ₹10 each were issued to public at a premium of ₹ 2 per share. Application were received for 12,000 shares. Amount of Securities premium account will be :

(A) ₹ 20,000

(B) ₹ 24,000

(C) ₹ 4,000

(D) ₹ 1,600

25. ₹ 10 प्रति अंश की दर के 10,000 समता अंश जनता को 2 ₹ प्रति अंश के प्रीमियम पर निर्गमित किये। 12,000 अंशों की आवेदन आयी। प्रीमियम खाते में जाने वाली राशि होगी :

(A) ₹ 20,000

(B) ₹ 24,000

(C) ₹ 4,000

(D) ₹ 1,600

26. Premium on Redemption of Debentures Account is a:

(A) asset

(B) liability

(C) expense

(D) revenue

26. ऋणपत्रों के शोधन पर प्रीमियम खाता है :

(A) सम्पत्ति

(B) दायित्व

(C) व्यय

(D) आगम

27. According to schedule-III of Companies Act 2013, debentures are shown in the company's balance sheet under the head:

(A) Shareholder's Funds

(B) Share Application Money Pending Allotment

(C) Non-current Liabilities

(D) Current Liabilities

28. Creation of debenture redemption reserve is necessitated by:

(A) SEBI

(B) Companies Act

(C) Central Govt.

(D) (A) and (B) both

29. For non-banking financial companies registered with R.B.I., the adequacy of D.R.R. for debentures issued through public issue is.........of the value of debentures.

(A) 100%

(B) 50%

(C) 25%

(D) Zero

30. In case of amalgamation in the nature of purchase, assets and liabilities are entered in the books of purchaser company:

(A) at book value

(B) at market value

(C) at revalued value

(D) at written down value

27. कम्पनी अधिनियम 2013 अनुसूची-III के अनुसार ऋणपत्रों को कम्पनी के चिट्ठे में .......शीर्षक के अन्तर्गत दिखलाया जाता है :

(A) अंशधारी कोष

(B) लम्बित आबंटन पर अंश आवेदन राशि

(C) गैर-चालू दायित्व

(D) चालू दायित्व

28. ऋणपत्र शोधन संचय का सृजन आवश्यक बनाया है :

(A) सेबी द्वारा

(B) कम्पनी अधिनियम द्वारा

(C) केन्द्रीय सरकार द्वारा

(D) (A) और (B) दोनों द्वारा

29. रिजर्व बैंक के साथ पंजीकृत गैर-बैंकिंग वित्तीय कम्पनियों के लिये सार्वजनिक निर्गम से निर्गमित ऋणपत्रों के लिये ऋणपत्र शोधन संचिति की पर्याप्तता राशि ऋणपत्रों के मूल्य का........है :

(A) 100%

(B) 50%

(C) 25%

(D) शून्य

30. क्रय की प्रकृति में एकीकरण की दशा में क्रेता कम्पनी की पुस्तकों में सम्पत्तियों और दायित्वों को शामिल किया जाता है :

(A) पुस्तक मूल्य पर

(B) बाजार मूल्य पर

(C) पुनर्मूल्यांकित मूल्य पर

(D) अपलिखित मूल्य पर

31. The main object of amalgamation is:
   (A) to bring economy in expenses
   (B) to facilitate distribution
   (C) to eliminate competition
   (D) all the above

32. Dividend received out of pre-acquisition profits of subsidiary company should be credited to:
   (A) P. & L. Account
   (B) Investment in Subsidiary Account
   (C) Surplus Account
   (D) Capital Reserve Account

33. If Subsidiary company incurs losses after acquisition of its shares by the holding company, how holding company will treat it in its books?
   (A) Make a provision for losses to the extent of its share
   (B) Deduct from net value of assets in subsidiary
   (C) Debit to its Profit & Loss A/c
   (D) No entry

34. Premium on issue of shares is shown:
   (A) In the Revenues part of Statement of P. & L.
   (B) In the Expenses part of Statement of P. & L.
   (C) In the Equity and Liabilities part of Balance Sheet
   (D) In the Assets part of Balance Sheet

31. एकीकरण का मुख्य उद्देश्य है :
   (A) व्ययों में मितव्ययता लाना
   (B) वितरण सुगम बनाना
   (C) प्रतियोगिता समाप्त करना
   (D) उपर्युक्त सभी

32. सहायक कम्पनी के क्रय के पूर्व के लाभों से प्राप्त लाभांश क्रेडिट किया जाना चाहिये :
   (A) लाभ-हानि खाता को
   (B) सहायक में विनियोग खाता को
   (C) आधिक्य खाता को
   (D) पूँजीगत संचय खाता को

33. सूत्रधारी कम्पनी द्वारा सहायक कम्पनी में अंशों के क्रय के पश्चात् यदि सहायक कम्पनी में हानियाँ होती हैं तो इसका सूत्रधारी कम्पनी अपनी पुस्तकों में क्या उपचार करेगी?
   (A) अपने भाग की सीमा तक हानियों के लिये आयोजन करना
   (B) सहायक में सम्पत्तियों के शुद्ध मूल्य से घटाना
   (C) अपने लाभ-हानि खाते को डेबिट करना
   (D) कोई प्रविष्टि नहीं करना

34. अंशों के निर्गमन पर प्रीमियम को दिखलाया जाता है :
   (A) लाभ-हानि विवरण-पत्र के आगमों में
   (B) लाभ-हानि विवरण-पत्र के व्ययों में
   (C) चिट्ठे के समता और दायित्व भाग में
   (D) चिट्ठे के सम्पति भाग में

35. Calls in Arrears is shown:

(A) as a deduction from called up capital

(B) as an addition to called up capital

(C) as a deduction from issued capital

(D) as an asset on the assets part of Balance Sheet

36. The journal entry for debentures issued at par and redeemable at par will be:

(A) Bank A/c Dr To Debentures A/c

(B) Debentures A/c Dr To Bank A/c

(C) Capital A/c Dr To Bank A/c

(D) None of above

37. Unless written off, the loss on issue of debentures is shown:

(A) On assets side of Balance Sheet

(B) On the expense part of Statement of Profit & loss

(C) By way of deduction from the amount of debentures

(D) On the liabilities side of Balance Sheet

35. अवशिष्ट याचनायें दिखलाई जाती हैं :

(A) याचित पूँजी से घटाव के रूप में

(B) याचित पूँजी के जोड़ के रूप में

(C) निर्गमित पूँजी से घटाव के रूप में

(D) चिट्ठे के सम्पत्ति भाग में एक सम्पत्ति की भाँति

36. यदि ऋणपत्रों का निर्गमन और शोधन सम-मूल्य पर किया जाये तो प्रविष्टि होगी :

(A) Bank A/c Dr To debentures A/c

(B) Debentures A/c Dr To Bank A/c

(C) Capital A/c Dr To Bank A/c

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

37. जब तक अपलिखित नहीं कर दिया जाता, ऋणपत्रों के निर्गम पर हानि दिखलायी जाती है :

(A) चिट्ठे के सम्पत्ति पक्ष में

(B) लाभ-हानि विवरण-पत्र के व्यय भाग में

(C) ऋणपत्रों की राशि से घटाकर

(D) चिट्ठे के दायित्व पक्ष में

38. Kalka Ltd. issued ₹ 20,00,000 6% Debentures at a premium of 8% on June 30, 2013 redeemable on June 30, 2014. The amount of debenture redemption reserve to be created before redemption of debentures is:

(A) ₹ 20,00,000

(B) ₹ 10,00,000

(C) Nil

(D) ₹ 9,20,000

39. If debentures of ₹ 16,00,000 are redeemed by conversion, then the amount is needed for transfer to Debenture Redemption Reserve?

(A) ₹ 16,00,000

(B) ₹ 8,00,000

(C) ₹ 12,00,000

(D) Nil

40. The value of net assets of a business is subtracted from accepted purchase consideration. The balance amount will be.

(A) Purchase Surplus

(B) Value of Goodwill

(C) Business Fund

(D) Capital Surplus

38. 30 जून 2013 को कालका लि0 ने 20,00,000 ₹ के 6% ऋणपत्र 8% प्रीमियम पर निर्गमित किये जो कि 30 जून 2014 को देय हैं। ऋणपत्रों के शोधन से पूर्व सृजित की जाने वाली ऋणपत्र शोधन संचय की राशि है :

(A) 20,00,000 ₹

(B) 10,00,000 ₹

(C) शून्य

(D) 9,20,000 ₹

39. यदि ₹ 16,00,000 के ऋणपत्रों का शोधन परिवर्तन द्वारा किया जाता है तो ऋणपत्र शोधन संचय में हस्तांतरण के लिये आवश्यक राशि होगी?

(A) 16,00,000 ₹

(B) 8,00,000 ₹

(C) 12,00,000 ₹

(D) शून्य

40. एक व्यवसाय की शुद्ध सम्पत्तियों का मूल्य स्वीकृत क्रय प्रतिफल से घटाया जाता है। शेष राशि होगी :

(A) क्रय आधिक्य

(B) ख्याति का मूल्य

(C) व्यवसायिक कोष

(D) पूँजी आधिक्य

41. Excess of net assets over purchese consideration is considered as:

(A) Goodwill

(B) Capital Reserve

(C) Revenue Reserve

(D) Secret Reserve

42. Which Accounting Standard prescribes the procedure of preparing consolidated financial statements.

(A) AS - 3

(B) AS - 7

(C) AS - 14

(D) AS - 21

43. Given:

Balance of P. & L. A/c of H Ltd. (1-4-14) ₹ 20,000

Earnings during the year ₹ 70,000

Current year's profits of subsidiary company ₹ 30,000

Holding company's investment in subsidiary 80%

Date of acquisition october1, 2014

The consolidated profit to be shown is consolidated Balance Sheet as on 31st March 2015 will be:

(A) ₹ 90,000

(B) ₹ 1,02,000

(C) ₹ 82,000

(D) ₹ 32,000

41. शुद्ध सम्पत्ति का क्रय प्रतिफल पर आधिक्य कहलाता है :

(A) ख्याति

(B) पूँजी संचय

(C) आयगत संचय

(D) गुप्त संचय

42. किस लेखांकन प्रमाप (AS) में वित्तीय विवरणों के समूहीकरण की कार्यविधि स्पष्ट की गई है :

(A) लेखांकन प्रमाप - 3

(B) लेखांकन प्रमाप - 7

(C) लेखांकन प्रमाप - 14

(D) लेखांकन प्रमाप - 21

43. दिया है :

एच.लि. के लाभ-हानि खाता का शेष (1-04-14) ₹ 20,000

वर्ष की आय ₹ 70,000

सहायक कम्पनी के चालू वर्ष के लाभ ₹ 30,000

सूत्रधारी कम्पनी का सहायक में विनियोग 80%

क्रय की तिथि अक्टूबर 1,2014

31 मार्च, 2015 को समेकित चिट्ठे में दिखलाये जाने वाला समेकित लाभ होगा:

(A) ₹ 90,000

(B) ₹ 1,02,000

(C) ₹ 82,000

(D) ₹ 32,000

44. Right issue of shares is possible after the expiry of ......... from the date of the first allotment of shares.

(A) 6 month

(B) 1 years

(C) 2 years

(D) 3 years

45. Allotment of shares can be taken up only after:

(A) taking approval of shareholders

(B) taking approval of SEBI

(C) minimum subscription is received

(D) approval of Registrar of companies

46. Income tax deducted from interest paid on debentures is shown as.

(A) expense of the co.

(B) asset of the co.

(C) liability of the co.

(D) income of the co.

47. Which of the following statements is false?

(A) Debenture is a form of borrowing from public.

(B) Normal rate of interest on debentures is specified on issue.

(C) Debenture interest is a charge against profits.

(D) The issue price and redemption value of debentures will always be equal.

44. अधिकार अंशों का निर्गमन कम्पनी द्वारा अंशों के प्रथम आबंटन के ........... बीत जाने पर ही सम्भव है :

(A) 6 माह

(B) 1 वर्ष

(C) 2 वर्ष

(D) 3 वर्ष

45. अंशों का आबंटन ......... के पश्चात् ही किया जा सकता है :

(A) अंशधारियों का अनुमोदन लेने

(B) सेबी का अनुमोदन लेने

(C) न्यूनतम अभिदान की प्राप्ति

(D) कम्पनियों के रजिस्ट्रार के अनुमोदन

46. ऋणपत्रों पर भुगतान की गई ब्याज से काटा गया आयकर को दिखलाया जाता है :

(A) कम्पनी के एक व्यय की तरह

(B) कम्पनी के सम्पत्ति की तरह

(C) कम्पनी के दायित्व की तरह

(D) कम्पनी की आय की तरह

47. निम्नलिखित कथनों में से कौन सा असत्य है?

(A) ऋणपत्र जनता से उधारी का एक तरीका है।

(B) ऋणपत्रों पर ब्याज की सामान्य दर निर्गम पर ही निर्दिष्ट कर दी जाती है।

(C) ऋणपत्र पर ब्याज लाभों पर एक चार्ज है।

(D) ऋणपत्र का निर्गम मूल्य और शोधन मूल्य सदैव समान ही होंगे।

48. 6,000 debentures of ₹ 10 each were redeemed by issue of equity shares of ₹ 10 each at a premium of 20%. The number of equity shares to be issued will be:

(A) 50,000

(B) 60,000

(C) 5,000

(D) 6,000

49. W Ltd. issued 40,000 8% debentures of ₹ 10 each at par, which are redeemable after 5 years at a premium of 20%. The amount of loss on redemption of debentures to be Written off every year will be:

(A) ₹ 80,000

(B) ₹ 20,000

(C) ₹ 8,000

(D) ₹ 16,000

50. The 'Purchase Method of Accounting' is adopted under which method of amalgamation?

(A) Amalgamation in nature of merger

(B) Amalgamation in nature of purchase

(C) Internal Reconstruction

(D) External Reconstruction

48. ₹ 10 प्रति के 6,000 ऋणपत्रों का ₹ 10 प्रति के समता अंशों का 20% प्रीमियम पर निर्गमन द्वारा शोधन किया गया। निर्गमित किये जाने वाले समता अंशों की संख्या होगी :

(A) 50,000

(B) 60,000

(C) 5,000

(D) 6,000

49. डब्लू लि. ने 10 ₹ प्रति के 40,000 8%ऋणपत्र सम-मूल्य पर निर्गमित किये जो कि 5 वर्षों के पश्चात् 20% अधिलाभ पर शोध्य हैं। प्रत्येक वर्ष अपलिखित की जाने वाली ऋणपत्रों के शोधन पर हानि की राशि होगी :

(A) 80,000 ₹

(B) 20,000 ₹

(C) 8,000 ₹

(D) 16,000 ₹

50. एकीकरण की किस पद्धति के अन्तर्गत 'लेखांकन की क्रय पद्धति' अपनाई जाती है?

(A) विलय की प्रकृति में एकीकरण

(B) क्रय की प्रकृति में एकीकरण

(C) आन्तरिक पुनर्निर्माण

(D) बाह्य पुनर्निर्माण

51. Details of assets and liabilities of transferor company are shown as follows:

| | |
|---|---|
| Fixed Assets | ₹ 2,50,000 |
| Current Assets | ₹ 2,70,000 |
| Current liabilities | ₹ 200,000 |
| Reserves | ₹ 25,000, |
| Share Capital | ₹ 2,95,000. |

The purchase consideration in case of amalgamation in the nature of merger will be:

(A) ₹ 5,20,000

(B) ₹ 3,20,000

(C) ₹ 2,95,000

(D) ₹ 2,50,000

52. The name 'Parent Company" to the holding company is given by:

(A) SEBI

(B) Company Law Board

(C) AS-21 issued by ICAI

(D) RBI

53. A company should acquire at least......equity shares of another company in order to become a holding company.

(A) One - half

(B) more than half

(C) 75%

(D) 100%

51. हस्तांतरक कम्पनी की सम्पत्तियों और दायित्वों के विवरण इस प्रकार है :

| | |
|---|---|
| स्थायी सम्पत्तियाँ | 2,50,000 ₹ |
| चालू सम्पत्तियाँ | 2,70,000 ₹ |
| चालू दायित्व | 2,00,000 ₹ |
| संचितियाँ | 25,000 ₹ |
| अंश पूँजी | 2,95,000 ₹ |

विलय की प्रकृति में एकीकरण की दशा में क्रय प्रतिफल होगा :

(A) ₹ 5,20,000

(B) ₹ 3,20,000

(C) ₹ 2,95,000

(D) ₹ 2,50,000

52. सूत्रधारी कम्पनी को 'जनक कम्पनी' नाम दिया गया है :

(A) सेबी द्वारा

(B) कम्पनी कानून बोर्ड द्वारा

(C) आई.सी.ए.आई. द्वारा निर्गत लेखांकन मानदण्ड-21 द्वारा

(D) भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा

53. सूत्रधारी कम्पनी बनने के लिये एक कम्पनी को दूसरी कम्पनी की समता अंश पूँजी में से कम से कम.........अंश प्राप्त करने होंगे :

(A) आधे

(B) आधे से अधिक

(C) 75%

(D) 100%

54. Unless otherwise stated, a preference share is always deemed to be.

(A) Non-cumulative non-convertible and non-participating

(B) Cumulative, non-convertible and non-participating

(C) Cumulative, convertible and participating

(D) Cumulative, non-convertible and participating

55. The difference between subscribed capital and paid up capital is called:

(A) Calls in arrear

(B) Calls in advance

(C) Uncalled capital

(D) Paid up capital

56. Debenture premium cannot be used to:

(A) Write off the discount on issue of shares or debentures

(B) Write off the premium on redemption of shares or debentures

(C) Pay dividends

(D) Write off capital loss

54. जब तक अन्यथा न कहा गया हो, एक पूर्वाधिकारी अंश सदैव ही माना जाता है :

(A) असंचयी, अपरिवर्तनीय और असहभागी

(B) संचयी, अपरिवर्तनीय और असहभागी

(C) संचयी, परिवर्तनीय और सहभागी

(D) संचयी, अपरिवर्तनीय और सहभागी

55. प्रार्थित पूँजी और प्रदत्त पूँजी का अन्तर कहलाता है :

(A) अदत्त याचनायें

(B) अग्रिम प्राप्त याचनायें

(C) अयाचित पूँजी

(D) प्रदत्त पूँजी

56. ऋणपत्र प्रीमियम को ......... प्रयोग नहीं किया जा सकता है :

(A) अंशों या ऋणपत्रों के निर्गम पर कटौती के अपलेखन के लिए

(B) अंशों या ऋणपत्रों के शोधन पर प्रीमियम के अपलेखन के लिये

(C) लाभांशों के भुगतान के लिये

(D) पूँजीगत हानि के अपलेखन के लिये

57. If debentures of the nominal value of ₹ 1,00,000 are issued at a discount of ₹ 10 for net assets with ₹80,000, the balance of ₹10,000 will be debited to :

(A) Goodwill A/c

(B) Capital Reserve A/c

(C) P. & L. A/c

(D) General Reserve

58. The schedule III of Companies Act, 2013 is applicable for the financial year commencing on or after:

(A) 1st April 2012

(B) 1st April 2013

(C) 1st April 2015

(D) 1st April 2014

59. Select the correct order in which the following items in respect of share capital have to be stated in the balance sheet of a company.

(a) Paid up capital

(b) Subscribed capital

(c) Authorised capital

(d) Issued capital

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (A) | a | b | c | d |
| (B) | b | a | c | d |
| (C) | c | d | b | a |
| (D) | c | d | a | b |

57. यदि 1,00,000 ₹ मूल्य के ऋणपत्रों को 10% बट्टे पर 80,000 ₹ मूल्य की शुद्ध सम्पत्तियों हेतु निर्गमन किया जाये तो अवशेष 10,000 ₹ डेबिट किया जायेगा :

(A) ख्याति खाता

(B) पूँजीगत संचिति खाता

(C) लाभ-हानि खाता

(D) सामान्य संचिति

58. कम्पनी अधिनियम 2013 की अनुसूची III........से या बाद में प्रारम्भ होने वाले वित्तीय वर्ष के लिये लागू होती है :

(A) 1 अप्रैल 2012

(B) 1 अप्रैल 2013

(C) 1 अप्रैल 2015

(D) 1 अप्रैल 2014

59. अंश पूँजी के सम्बन्ध में निम्नलिखित मदों के कम्पनी के चिट्ठे में दिखलाये जाने के सही क्रम का चयन करो :

(a) दत्त पूँजी

(b) याचित पूँजी

(c) अधिकृत पूँजी

(d) निर्गमित पूँजी

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (A) | a | b | c | d |
| (B) | b | a | c | d |
| (C) | c | d | b | a |
| (D) | c | d | a | b |

60. Goodwill is the value of:

(A) good name of business

(B) capacity to attract the customers

(C) quality of product

(D) all the above

61. "Goodwill is the current value of expected future income in excess of a normal return on the investment in net tangible assets." This definition is given by:

(A) Lord Lindley

(B) Lord Elden

(C) Kohler

(D) None of these

62. Net assets means:

(A) Total Assets

(B) Total Assets - Total Liabilities

(C) Total Assets-Current Liabilities

(D) Realisable value of Real Assets-total outside Liabilities

63. If the value of shares is calculated on the basis of dividend, it is called:

(A) Yield Method

(B) Net Assets Method

(C) Fair Value Method

(D) Intrinsic Value Method

60. ख्याति मानी जाती है :

(A) व्यवसाय की प्रतिष्ठा का मूल्य

(B) ग्राहकों को आकर्षित करने की क्षमता का मूल्य

(C) उत्पाद की गुणवत्ता का मूल्य

(D) उपरोक्त सभी

61. "शुद्ध मूर्त सम्पत्तियों में विनियोग पर प्रत्याय से अधिक प्रत्याशित भावी आय का चालू मूल्य ख्याति है।" यह परिभाषा दी है :

(A) लॉर्ड लिन्डले ने

(B) लॉर्ड एल्डन ने

(C) कोहलर ने

(D) इनमें से कोई नहीं

62. शुद्ध सम्पत्ति का अर्थ है :

(A) कुल सम्पत्ति

(B) कुल सम्पत्ति - कुल दायित्व

(C) कुल सम्पत्ति - चल दायित्व

(D) वास्तविक सम्पत्तियों का वसूली मूल्य - कुल बाह्य दायित्व

63. यदि अंशों का मूल्य लाभांश के आधार पर ज्ञात किया जाता है तो इसे कहा जाता है :

(A) आय विधि

(B) शुद्ध सम्पत्ति विधि

(C) उचित मूल्य विधि

(D) आन्तरिक मूल्य विधि

64. When shares are forfeited, the share capital account is debited with.

(A) Paid up amount of forfeited shares

(B) Called up amount of forfeited shares

(C) face value of forfeited shares

(D) Uncalled amount of forfeited shares

64. जब अंश अपहृत किये जाते हैं तो अंश पूँजी खाता डेबिट किया जाता है :

(A) अपहृत अंशों की प्रदत्त राशि से

(B) अपहृत अंशों की याचित राशि से

(C) अपहृत अंशों के अंकित मूल्य से

(D) अपहृत अंशों की अयाचित राशि से

65. The profit on reissue of forfeited shares is transferred to.

(A) General Reserve

(B) Capital Reserve

(C) Profit & Loss Account

(D) Share Capital

65. अपहृत अंशों के पुनर्निर्गमन पर लाभ हस्तांतरित कर दिया जाता है :

(A) सामान्य संचिति को

(B) पूँजीगत संचिति को

(C) लाभ-हानि खाते को

(D) अंश पूँजी को

66. Debentures of ₹ 8,00,000 are issued by X Ltd. against the purchase of assets of ₹ 8,50,000. In this case ₹ 50,000 will be supposed to be:

(A) Loss

(B) Capital Reserve

(C) Profit

(D) Goodwill

66. 8,50,000 ₹ की सम्पत्तियों के क्रय के लिये एक्स. लि. ने 8,00,000 ₹ के ऋणपत्र निर्गमित किये। इस मामले में 50,000 ₹ माना जायेगा :

(A) हानि

(B) पूँजीगत संचिति

(C) लाभ

(D) ख्याति

67. Securities Premium Account consists of.

(A) Premium on issue of shares only

(B) Premium on issue of debentures only

(C) Premium on issue of shares and debentures

(D) Premium on Redemption of Preference share and Debentures

68. There are only.......main heads in 'Assets' part of Balance Sheet as per part I of schedule III of Companies Act 2013

(A) 2

(B) 3

(C) 4

(D) 5

69. Provident Fund is a:

(A) Provision

(B) Surplus

(C) Current Liability

(D) Loan

70. Accounting treatment of goodwill is:

(A) revaluation

(B) depreciating yearly

(C) write off against capital profits

(D) none of these

67. प्रतिभूति प्रीमियम खाते में सम्मिलित होता है :

(A) केवल अंशों के निर्गमन पर प्रीमियम

(B) केवल ऋणपत्रों के निर्गमन पर प्रीमियम

(C) अंशों एवं ऋणपत्रों के निर्गमन पर प्रीमियम

(D) पूर्वाधिकार अंशों और ऋणपत्रों के शोधन पर प्रीमियम

68. कम्पनी अधिनियम 2013 की अनुसूची III के भाग I के अनुसार चिट्ठे के 'सम्पत्तियाँ' भाग में केवल ........ प्रमुख शीर्षक हैं :

(A) 2

(B) 3

(C) 4

(D) 5

69. भविष्य निधि है एक :

(A) आयोजन

(B) आधिक्य

(C) चालू दायित्व

(D) ऋण

70. ख्याति का लेखांकन व्यवहार है :

(A) पुनर्स्थापन

(B) वार्षिक ह्रास काटना

(C) पूँजीगत लाभों में से अपलेखन

(D) इनमें से कोई नहीं

71. Which accounting standard relates to goodwill.

(A) AS-6

(B) AS-10

(C) AS-21

(D) AS-26

72. Which of the following Method is based on the average of the values calculated by the other two methods.

(A) Net Assets Method

(B) Yield Method

(C) Fair Value Method

(D) (A) and (B) both

73. Which of the following asset is included in intrinsic value method.

(A) Preliminary expenses

(B) Patents

(C) Discount on Debentures

(D) Goodwill

74. Premium on issue of shares can be utilised for.

(A) distributing profits

(B) issue of fully paid bonus shares

(C) Writing off goodwill

(D) None of these

71. कौन सा लेखांकन प्रमाप ख्याति से सम्बन्धित है :

(A) लेखांकन प्रमाप - 6

(B) लेखांकन प्रमाप - 10

(C) लेखांकन प्रमाप - 21

(D) लेखांकन प्रमाप - 26

72. अन्य दो पद्धतियों से आगणित मूल्यों के औसत पर निम्नलिखित में से कौन सी पद्धति आधारित है :

(A) शुद्ध सम्पत्ति विधि

(B) प्रतिफल विधि

(C) उचित मूल्य विधि

(D) (A) और (B) दोनों

73. निम्नलिखित में से कौन सी सम्पत्ति आन्तरिक मूल्य पद्धति में सम्मिलित हैं :

(A) प्रारम्भिक व्यय

(B) पेटेन्ट्स

(C) ऋणपत्रों पर कटौती

(D) ख्याति

74. अंशों के निर्गमन पर प्रीमियम का प्रयोग किया जा सकता है :

(A) लाभों के विभाजन के लिए

(B) पूर्णदत्त बोनस अंश निर्गमन के लिये

(C) ख्याति अपलिखित करने के लिये

(D) इनमें से कोई नहीं

75. Amount received on forfeiture of shares is credited to:

(A) Profit and Loss Account

(B) Share forfeiture Account

(C) Capital Reserve Account

(D) Securities Premium Account

76. The Underwriting commission in case of issue of debentures cannot exceed:

(A) 2%

(B) 2.5%

(C) 3%

(D) 5%

77. Loss on issue of debenture is generally written off in:

(A) 5 years

(B) 15 years

(C) Over the period of redemption

(D) 10 years

78. Advance tax is shown in the:

(A) Expense part of P. & L. statement

(B) Income part of P. & L. statement

(C) Equity and Liabilities part of Balance Sheet

(D) Assets part of Balance Sheet

75. अंशों के हरण पर प्राप्त राशि को ...... में क्रेडिट किया जाता है :

(A) लाभ - हानि खाता

(B) अंश हरण खाता

(C) पूँजी संचय खाता

(D) प्रतिभूति प्रीमियम खाता

76. ऋणपत्रों के निर्गमन पर अभिगोपन कमीशन....... से अधिक नहीं हो सकता है :

(A) 2%

(B) 2.5%

(C) 3%

(D) 5%

77. ऋणपत्रों के निर्गमन पर हानि को सामान्यतया अपलिखित किया जाता है :

(A) 5 वर्षों में

(B) 15 वर्षों में

(C) शोधन की अवधि काल में

(D) 10 वर्षों में

78. अग्रिम कर दिखलाया जाता है :

(A) लाभ-हानि विवरण पत्र के व्यय भाग में

(B) लाभ-हानि विवरण पत्र के आय भाग में

(C) चिट्ठे के समता और दायित्व भाग में

(D) चिट्ठे के सम्पत्ति भाग में

79. Which of the following is not a current asset.
(A) Stock
(B) Prepaid Rent
(C) Goodwill
(D) Cash

80. Which of the following in not included in assets in the calculation of capital employed?
(A) expenses incurred on extension of building
(B) Preliminary expenses
(C) Capital expenditure on machinery
(D) Cost of acquisition of Goodwill

81. The most scientific method of goodwill determination is :
(A) Capitalisation of Super Profit Method
(B) Purchase of Actual Average Profits method
(C) Method described in income Tax Act
(D) Annuity Method

82. Normal rate of return means:
(A) dividend rate
(B) market price of share
(C) return on investment in other industries
(D) return prevailing in the industry in which the company is working

79. निम्नलिखित में से कौन सी चालू सम्पत्ति नहीं है :
(A) स्कन्ध
(B) पूर्वदत्त किराया
(C) ख्याति
(D) रोकड़

80. विनियोजित पूँजी की गणना में निम्नलिखित में से किसे सम्पत्तियों में नहीं सम्मिलित किया जाता है :
(A) भवन में वृद्धि के व्यय
(B) प्रारम्भिक व्यय
(C) मशीनरी के पूँजीगत व्यय
(D) ख्याति क्रय के व्यय

81. ख्याति निर्धारण की सर्वाधिक वैज्ञानिक पद्धति है :
(A) अधिलाभ के पूँजीकरण की पद्धति
(B) वास्तविक औसत लाभ के क्रय की पद्धति
(C) आयकर अधिनियम में वर्णित पद्धति
(D) वार्षिक पद्धति

82. सामान्य प्रत्याय दर का आशय है :
(A) लाभांश दर
(B) अंश का बाजार मूल्य
(C) अंन्य उद्योगों में विनियोग पर प्रत्याय
(D) उद्योग, जिसमें कम्पनी कार्यशील है, में प्रचलित प्रत्याय

83. For calculating the value of an equity share by intrinsic method, it is essential to know:

(A) Normal Rate of Return

(B) Expected Rate of Return

(C) Net Equity

(D) All the above

84. Discount allowed on reissue of forfeited shares is debited to:

(A) discount on issue of shares A/c

(B) forfeited shares A/c

(C) Profit & Loss A/c

(D) Capital Reserve A/c

85. If vendors are issued fully paid shares of ₹ 80,000 in consideration of net assets of ₹ 60,000, then the balance of ₹ 20,000 will be:

(A) debited to profit & loss account

(B) debited to goodwill account

(C) credited to capital reserve account

(D) credited to securities premium account

86. Transfer to capital Redemption Reserve Account can be made from:

(A) General Reserve

(B) Profit Prior to Incorporation

(C) Securities Premium Account

(D) Share forfeiture Account

83. आन्तरिक मूल्य पद्धति से समता अंश के मूल्य की गणना के लिये यह जानना आवश्यक है :

(A) सामान्य प्रत्याय दर

(B) प्रत्याशित प्रत्याय दर

(C) शुद्ध समता

(D) उपर्युक्त सभी

84. अपहृत अंशों के पुनर्निर्गमन पर स्वीकृत कटौती.......को डेबिट की जाती है :

(A) अंशों के निर्गमन पर कटौती खाता

(B) अपहृत अंश खाता

(C) लाभ-हानि खाता

(D) पूँजीगत संचय खाता

85. यदि विक्रेताओं को 60,000 ₹ शुद्ध सम्पत्ति के प्रतिफल में 80,000 ₹ के पूर्ण दत्त अंश निर्गमित किये जाते हैं तो शेष 20,000 ₹ :

(A) लाभ-हानि खाते को डेबिट किया जायेगा

(B) ख्याति खाते को डेबिट किया जायेगा

(C) पूँजी संचय खाते को क्रेडिट किया जायेगा

(D) प्रतिभूति प्रीमियम खाते को क्रेडिट किया जायेगा

86. पूँजी शोधन संचिति खाता में हस्तांतरण किया जा सकता है :

(A) सामान्य संचिति से

(B) समामेलन से पूर्व लाभ से

(C) प्रतिभूति प्रीमियम खाते से

(D) अंश हरण खाते से

87. In a scheme of reorganization, amount of shares surrendered by shareholders is transferred to:

(A) Capital Reduction Account

(B) Shares Surrendered Account

(C) Capital Reorganisation Account

(D) Shareholders Account

88. Patent is:

(A) intangible asset

(B) fictitious asset

(C) actual asset

(D) current asset

89. The balance of share forfeiture account is shown in the balance sheet as:

(A) an addition to subscribed share capital

(B) an addition to issued share capital

(C) an addition to reserves and surplus

(D) None of the above

90. Super Profit is:

(A) Normal Profit-Actual Profit

(B) Actual Profit-Normal Profit

(C) (A) and (B) both

(D) None of these

87. पुनर्गठन की योजना में अंशधारियों द्वारा समर्पित अंशों की राशि हस्तांतरित की जाती है :

(A) पूँजी की कमी खाता को

(B) अंश समर्पण खाता को

(C) पूँजी पुनर्गठन खाता को

(D) अंशधारी खाता को

88. पेटेन्ट है :

(A) अमूर्त सम्पत्ति

(B) कृत्रिम सम्पत्ति

(C) वास्तविक सम्पत्ति

(D) चालू सम्पत्ति

89. अंश हरण खाता का शेष चिट्ठे में दिखलाया जाता है :

(A) प्रार्थित अंश पूँजी में जोड़कर

(B) निर्गमित अंश पूँजी में जोड़कर

(C) संचय और कोष में जोड़कर

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

90. अधिलाभ है :

(A) सामान्य लाभ - वास्तविक लाभ

(B) वास्तविक लाभ - सामान्य लाभ

(C) (A) और (B) दोनों

(D) इनमें से कोई नहीं

91. In the beginning of 2015, the Management decided to insure the business. Insurance premium is ₹ 3,000 per annum. Effect of this transaction will be:

(A) Average profits will be reduced by ₹ 3,000

(B) Average profits will be increased by ₹ 3,000

(C) Profit of 2015 will be reduced by ₹ 3,000

(D) No effect

92. Given:

| | |
|---|---|
| Fixed Assets | ₹ 3,00,000 |
| Current Assets | ₹ 1,50,000 |
| Current Liabilities | ₹ 50,000 |
| 8% Debentures | ₹ 1,50,000 |
| Reserves | ₹ 20,000 |

Outstanding Interest on Debentures 6 months.

Net Assets will be:

(A) ₹ 4,00,000

(B) ₹ 2,44,000

(C) ₹ 3,00,000

(D) ₹ 2,30,000

93. Given:

Net Assets = 90,000 ₹

share capital:

10,000 Equity shares of ₹ 2 each

5,000 Preference shares of ₹ 10 each

value of an equity share will be:

(A) ₹ 4 (B) ₹ 3

(C) ₹ 5 (D) ₹ 2

91. वर्ष 2015 के प्रारम्भ में व्यवसाय प्रबन्ध ने अपने व्यापार का बीमा कराने का निश्चय किया। बीमा प्रीमियम 3,000 ₹ वार्षिक है। इस व्यवहार का प्रभाव होगा :

(A) औसत लाभों में 3,000 ₹ की कमी

(B) औसत लाभों में 3,000 ₹ की वृद्धि

(C) 2015 वर्ष के लाभ में 3,000 ₹ की कमी

(D) कोई प्रभाव नहीं

92. दिया है :

| | |
|---|---|
| स्थायी सम्पत्तियाँ | ₹ 3,00,000 |
| चालू सम्पत्तियाँ | ₹ 1,50,000 |
| चालू दायित्व | ₹ 50,000 |
| 8% ऋणपत्र | ₹ 1,50,000 |
| संचय | ₹ 20,000 |

ऋणपत्रों पर अदत्त ब्याज 6 माह

शुद्ध सम्पत्तियाँ होगी :

(A) ₹ 4,00,000

(B) ₹ 2,44,000

(C) ₹ 3,00,000

(D) ₹ 2,30,000

93. दिया है :

शुद्ध सम्पत्तियाँ = 90,000 ₹

अंश पूँजी :

2 ₹ प्रति के 10,000 समता अंश

10 ₹ प्रति के 5,000 पूर्वाधिकारी अंश

एक समता अंश का मूल्य होगा :

(A) ₹ 4 (B) ₹ 3

(C) ₹ 5 (D) ₹ 2

94. The balance of forfeited shares account is:

(A) a revenue reserve

(B) a capital reserve

(C) a part of share capital

(D) None of these

95. Bonus to equity shareholders means:

(A) an extra dividend

(B) an extra call

(C) an extra share

(D) None of the above

96. Preference shares can be redeemed:

(A) only if they are fully paid

(B) even if they are partly paidup

(C) after getting the permission from the court only

(D) All of the above

97. Which of the following cannot be applied for the redemption of redeemabel preference shares:

(A) Free Reserves

(B) Proceeds of fresh issues of debentures

(C) Proceeds of fresh issue of shares

(D) Profit available for dividend

94. अपहृत अंश खाता का शेष है :

(A) एक आगम संचय

(B) एक पूँजीगत संचय

(C) अंश पूँजी का एक भाग

(D) इनमें से कोई नहीं

95. समता अंशधारियों को अधिलाभांश का आशय है :

(A) एक अतिरिक्त लाभांश

(B) एक अतिरिक्त याचना

(C) एक अतिरिक्त अंश

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

96. पूर्वाधिकार अंशों का शोधन किया जा सकता है :

(A) केवल तभी जब वे पूर्णदत्त हैं

(B) चाहे वे अंशतः दत्त हैं।

(C) केवल न्यायालय से स्वीकृति मिल जाने के पश्चात्

(D) उपर्युक्त सभी

97. निम्न में से किसे शोध्य पूर्वाधिकार अंशों के शोधन के लिये प्रयोग नहीं किया जा सकता है :

(A) मुक्त संचय

(B) नये ऋणपत्रों के निर्गमन से प्राप्त राशि

(C) नये अंशों के निर्गमन से प्राप्त राशि

(D) लाभांश के लिये उपलब्ध लाभ

98. A company provided ₹10,00,000 for dividend payment, What will be the amount of Corporate Dividend Tax, assuming rate of 15% plus surcharge of 10% education cess of 3%:

(A) ₹ 2,50,000

(B) ₹ 2,80,000

(C) ₹ 1,65,000

(D) ₹ 1,69,950

99. Interim dividend is always shown in:

(A) Statement of Profit and Loss

(B) Surplus Account

(C) Assets part of Balance Sheet

(D) Equity and Liabilities part of Balance Sheet

100. Given:

| | |
|---|---|
| Current Assets | ₹ 5,00,000 |
| Fixed Assets | ₹ 14,00,000 |
| Preliminary Expenses | ₹ 1,00,000 |
| Provision for income tax | ₹ 1,00,000 |
| Creditors | ₹ 1,50,000 |

Capital employed will be:

(A) ₹ 18,50,000

(B) ₹ 19,00,000

(C) ₹ 16,50,000

(D) ₹ 17,50,000

98. एक कम्पनी ने लाभांश भुगतान के लिये ₹ 10,00,000 का प्रावधान किया। निगम लाभांश कर की राशि क्या होगी, 15% की दर और 10% का सरचार्ज तथा 3% शिक्षा उपकर मान लीजिये :

(A) ₹ 2,50,000

(B) ₹ 2,80,000

(C) ₹ 1,65,000

(D) ₹ 1,69,950

99. अन्तरिम लाभांश सदैव ही ......... में दिखलाया जाता है।

(A) लाभ-हानि विवरण-पत्र

(B) आधिक्य खाता

(C) चिट्ठे के सम्पति भाग

(D) चिट्ठे के समता और दायित्व भाग

100. दिया है :

| | |
|---|---|
| चालू सम्पत्तियाँ | ₹ 5,00,000 |
| स्थायी सम्पत्तियाँ | ₹ 14,00,000 |
| प्रारम्भिक व्यय | ₹ 1,00,000 |
| आयकर के लिये आयोजन | ₹ 1,00,000 |
| लेनदार | ₹ 1,50,000 |

विनियोजित पूँजी होगी:

(A) ₹ 18,50,000

(B) ₹ 19,00,000

(C) ₹ 16,50,000

(D) ₹ 17,50,000